# गेल (इंडिया) लिमिटेड

## गेल पाता, उत्तर प्रदेश को
## द्विपक्षीय ओपन एक्सेस के आधार पर विद्युत की आपूर्ति हेतु
## अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

ईओआई दस्तावेज़ सं. : गेल/एनडी/बीडी/ईओआई/ओपन एक्सेस/2019-20

ईओआई जारी करने की तारीख : 23.12.2019

ईओआई जमा करने की अंतिम तारीख : 24.01.2020

## <u>अस्वीकरण (डिसक्लेमर)</u>

1. यह अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) दस्तावेज़ किसी भावी बोलीकर्ता अथवा किसी अन्य पक्ष के साथ कोई समझौता अथवा जारीकर्ता का प्रस्ताव नहीं है। इस ईओआई का उद्देश्य इच्छुक पक्षों को सूचित करना तथा गेल के लिए ओपन एक्सेस के तहत विद्युत प्राप्त करने के लिए ईओआई बोली प्रस्तुत करने में उनकी मदद करना है। यह ईओआई सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध सामग्री एवं सूचना पर आधारित है।

2. हालांकि इस ईओआई को अच्छी मंशा के साथ तैयार किया गया है; इस ईओआई में दी गई जानकारी के संबंध में ना तो जारीकर्ता, उसके कर्मचारी और ना ही सलाहकार / परामर्शदाता इसकी सटीकता, दीर्घकालीनता अथवा संपूर्णता संबंधी कोई अभ्यावेदन अथवा वारंटी व्यक्त करते हैं।

3. ना तो गेल, ना उसके कर्मचारी और ना ही सलाहकार / परामर्शदाता का किसी भी बोलीकर्ता अथवा अन्य किसी व्यक्ति के साथ संविदा कानून, अपकार, क्षतिपूर्ति सिद्धांत अथवा अनुचित लाभ, व्यय अथवा नुकसान जो इस ईओआई दस्तावेज़ में मौजूद किसी विषय, कोई सामग्री जिसे इस ईओआई का हिस्सा समझ लिया जाए, प्रक्रिया, गेल द्वारा अथवा गेल की ओर से या उसके कर्मचारियों, किसी सलाहकार / परामर्शदाता अथवा उक्त विद्युत आपूर्ति के लिए दी गई कोई जानकारी या चयन प्रक्रिया से किसी भी रूप में सामने आने वाले अन्य किसी प्रकार की हानि के लिए देय नहीं होगा।

## 1.0 प्रस्तावना

गेल का पाता स्थित पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स उत्तर प्रदेश में स्थित है (यहां इसके बाद **"प्रापक"** के रूप में संदर्भित) और यह वर्तमान में अपनी विद्युत की आवश्यकताएं दो श्रोतों, वितरण लाइसेंसी अर्थात मेसर्स दक्षिणान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) तथा आंतरिक वाष्प आधारित कैप्टिव जेनरेटिंग आस्तियों के माध्यम से पूरा कर रहा है। गेल, पाता का डीवीवीएनएल के साथ 220 kV समर्पित इनकमर फीडर लाइन के माध्यम से 58.8 MVA संविदा मांग हेतु विद्युत खरीद समझौता है ।

## 2.0 अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

पाता स्थित प्लांट के लिए स्वतंत्र विद्युत उत्पादक अथवा कैप्टिव विद्युत उत्पादक अथवा विद्युत वितरण कंपनी या विद्युत ट्रेडिंग कंपनी (यहां इसके बाद **"बोलीकर्ता"** के रूप में संदर्भित) से 20 MW चौबीसों घंटे (आरटीसी) विद्युत जो वार्षिक आधार पर 175 मिलियन यूनिट के बराबर हो, से द्विपक्षीय ओपन एक्सेस प्रणाली के तहत संविदा एक (01) वर्ष की संविदा अवधि के लिए जिसमें लागू विनियम, विद्युत अधिनियम एवं नियमों के अनुसार इसके आगे एक महीने की पूर्व सूचना के साथ और एक वर्ष के लिए विस्तारित अवधि विकल्प उपलब्ध हो, से अभिरुचि की अभिव्यक्ति अपेक्षित है।

## 3.0 विद्युत आवश्यकता

प्रापण की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | क्षेत्र | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | प्रापक | गेल लिमिटेड (इंडिया) |
| 2. | स्थान | गेल लिमिटेड (इंडिया) - पाता<br>जिला - औरैया, उ.प्र. - 206241 |
| 3. | विद्युत की प्रस्तावित मात्रा | 20 MW चौबीसों घंटे (आरटीसी) विद्युत जो वार्षिक आधार पर 175 मिलियन यूनिट (एमयू) के बराबर हो । |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | संविदा अवधि | एक (01) वर्ष की अवधि के लिए जिसमें इसके आगे एक महीने की पूर्व सूचना के साथ और एक वर्ष के लिए अवधि विस्तार हेतु विकल्प उपलब्ध हो। |
| 5. | सुपुर्दगी बिंदु | उत्तर प्रदेश में गेल पाता फेसिलिटी के इंटरकनेक्सन मीटरिंग पॉइंट जो 220 kV वोल्टेज स्तर पर कार्यरत है (एसटीयू कनेक्टेड और डिसकॉम उपभोक्ता) |
| 6 | शेड्युलिंग | बोलीकर्ता प्रापक की विद्युत आपूर्ति हेतु खरीद की सुपुर्दगी केंद्र तक उपयुक्त प्राधिकारी के साथ उत्तरदायी होगा। |

4.0 **विद्युत निकासी**

उत्पादन केंद्र बस बार से सुपुर्दगी केंद्र तक विद्युत की निकासी का उत्तरदायित्व बोलीकर्ता का होगा।

5.0 संलग्न प्रपत्र के अनुसार ईओआई विधिवत एवं हस्ताक्षरित **फार्म – I** तथा **फार्म – II** में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। ईओआई ईमेल openaccess-pata@gail.co.in के माध्यम से (ईओआई को अन्तिम तिथि तक) प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

6.0 यदि कोई स्पष्टीकरण हो, तो उसके लिए टेलिफोन संख्या: 011-26182955-2733 और ईमेल: asiva@gail.co.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

7.0 गेल के पास यह अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताये ईओआई प्रक्रिया को किसी भी समय निरस्त कर सकता है।

**प्रारूप - I**

**आवरण पत्र हेतु प्रारूप**

**(यह पत्र बोलीकर्ता द्वारा उनके पत्र शीर्ष पर प्रस्तुत किया जाना है)**

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
गेल भवन
16, भीकाएजी कामा प्लेस
आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 110066

**विषय:**

प्रिय महोदय,

यह आपके ईओआई दस्तावेज संख्या गेल/एनडी/बीडी/ईओआई/ओपन एक्सेस/2019-20 दिनांकित 23.12.2019, विषय के संदर्भ में है।

_______________ (बोलीदाता का नाम), एतद्वारा ईओआई दस्तावेज में निर्धारित शर्तों के अनुसार गेल, पाता को _______________ मिलियन यूनिट (एमयू) के अनुरुप विद्युत आपूर्ति के लिए अपनी अभिरुचि की अभिव्यक्ति जमा करते हैं।

**(हस्ताक्षर)**
**(प्राधिकृत व्यक्ति का नाम एवं पदनाम)**

प्राधिकृत व्यक्ति को बोर्ड में निदेशक/सी एंड एमडी/अध्यक्ष/एमडी/सीईओ/सीएफओ होना चाहिए।

किसी अन्य व्यक्ति के होने पर उसे बोलीदाता के बोर्ड द्वारा प्राधिकृत होना चाहिए और इसकी पॉवर ऑफ एटोर्नी (पीओए) को संलग्न किया जाए।

**प्रारूप - II**

## बोलीदाता के बारे में जानकारी

**सामान्य:**

1) बोलीदाता का नाम
2) निगमीकरण का स्थान
3) निगमित पहचान संख्या (सीआईएन)
4) पंजीकृत पता
5) निगमीकरण की तिथि
6) व्यवसाय का प्रारंभन
7) बोलीदाता की प्रकृति (आईपीपी/सीपीपी/डिस्कॉम/ट्रेडिंग लाइसेंस)
8) निम्नलिखित दस्तावेज जमा किए जाएं:

   i) बोली लगाने वाली कंपनी के कंपनी सचिव द्वारा प्रमाणित ज्ञापन की प्रति और एसोसिएशन के अभिलेख और निगमन का प्रमाण पत्र
   ii) बोली लगाने वाली कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित पिछले 3 (तीन) वर्षों की लेखापरीक्षित वार्षिक रिपोर्ट

9) व्यवसाय के प्रमुख क्षेत्रों के विवरण सहित कंपनी का संक्षिप्त विवरण
10) बोली हेतु संपर्क / संचार के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति(यों) का विवरण
   क) नाम
   ख) पदनाम
   ग) कंपनी
   घ) पता
   ङ) दूरभाष एवं मोबाइल नम्बर
   च) ई-मेल पता
11) बोलीदाता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का विवरण
   क) नाम
   ख) पदनाम
   ग) कंपनी
   घ) पता

ङ) दूरभाष एवं मोबाइल नम्बर

च) ई-मेल पता

<u>उत्पादन स्रोत</u>

12)विद्युत का प्रकार (सौर / पवन / थर्मल / नवीकरणीय और थर्मल का संयोजन)

13) संयंत्र स्थान (स्थान, जिला एवं राज्य का उल्लेख करें)

14) यूनिट्स की वर्तमान संख्या और प्रत्येक यूनिट की स्थापित क्षमता (एमवी/एमयू में)

15) अन्य खरीदारों के साथ अनुबंधित विद्युत की मात्रा, यदि कोई हो (एमवी/एमयू में)

16) विद्युत आपूर्ति हेतु इच्छा (एमवी/एमयू में)

17) ओपेन एक्सेस (वर्ष) के माध्यम से विद्युत आपूर्ति करने की अवधि

18) निर्दिष्ट यूनिट (टों) के लिए उत्तर प्रदेश राज्य में ओपन एक्सेस वैधता, जिससे विद्युत निर्यात की योजना की गई है।

19) अपेक्षित समय सीमा (दिन/माह), जिसमें प्रापक को विद्युत आपूर्ति की जा सकती है।

20) अन्य कोई सुझाव/इनपुट

……………………………………………………..

**(प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर)**

**नाम :**

**पदनाम :**

**दिनांक:**

**स्थान:**

प्राधिकृत व्यक्ति को बोर्ड में निदेशक/सी एंड एमडी/अध्यक्ष/एमडी/सीईओ/सीएफओ होना चाहिए।

किसी अन्य व्यक्ति के होने पर उसे बोलीदाता के बोर्ड द्वारा प्राधिकृत होना चाहिए और इसकी पॉवर ऑफ एटोर्नी (पीओए) को संलग्न किया जाए।